




नवभारत
भोपाल, मंगलवार, 5 अगस्त, 2025


एक नजर में



## चुनावी रणनीति तैयार करने हुई आप की बैठक

**आष्टा.** आम आदमी पार्टी की एक बैठक सम्पन्न हुई. जिसमें पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए. बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन विस्तार तथा आगामी नगरीय निकाय चुनावों की रणनीति तय करना रहा. बैठक में निर्णय लिया गया कि आम आदमी पार्टी जिले में संगठन का विस्तार करेगी और आगामी नगरीय निकाय चुनावों में पूरी ताकत से रणनीतिक तैयारी के साथ भाग लेगी. पार्टी का लक्ष्य भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी और जनहितकारी प्रशासन को स्थापित करना है. बैठक में हरीश पाठक, सज्जाद हुसैन, आईए खान, चेतन वास्तवर, महान कौशल, शिवराम, सचिन भाटी, जयदीप भाटी, अनिल वर्मा, दौलत मेवाड़ा, अशोक, इंदर सिंह राजपूत, अतुल सोनी, जितेंद्र सोलंकी, जावेद उल्लाह, अखिलेश जैन, अर्जुन भाटी, ओंकार सिंह बामनिया, पारस जैन, संदीप जैन, सतीश राजपूत, राजेश सोलंकी, विनोद शर्मा, मुकेश जायसवाल आदि उपस्थित थे.




## राज्य कर्मचारी संघ के चुनाव निर्विरोध संपन्न

**भैरुंदा.** राज्य कर्मचारी संघ के तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय चुनाव निर्वाचन अधिकारी कार्यकारी अध्यक्ष कुंदनलाल राय की उपस्थिति में संपन्न हुआ. अर्जुन सिंह सोलंकी तहसील अध्यक्ष एवं राकेश वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष पुनः चुने गए. इस दौरान राज्य कर्मचारी संघ शाखा की तहसील एवं ब्लॉक की नवीन कार्यकारिणी गठित की गई. ब्लॉक कार्यकारिणी में अध्यक्ष राकेश वर्मा, सचिव सूरज सिंह पंवार, कोषाध्यक्ष आरएस जाटव, धनपाल मांझी, मनीष शर्मा, आनंद सिंह भाटी, दिनेश शर्मा, महेश राजपूत, विजेंद्र कुमार यादव तथा तहसील कार्यकारिणी में अध्यक्ष अर्जुन सिंह सोलंकी, सचिव अमर सिंह राजपूत, दुर्गेश कहार, संतोष चौहान, नंदकिशोर पटेल, सूरज सिंह राजपूत, जेपी सिसोदिया को मनोनित किया गया.



## मप्र टूरिज्म क्विज में मोनालिसा दूसरे स्थान पर

**सीहोर.** न्यू मोनालिसा हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने मप्र टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता में जिले के 109 स्कूलों में से जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर बढ़ाया विद्यालय का मान बढ़ाया. स्कूल के विद्यार्थियों पूर्वी राठौर, दीक्षा कुशवाहा व धर्मेंद्र वर्मा ने मप्र टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता में जिले के 109 स्कूलों में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों का नाम रोशन किया है. इस उपलब्धि पर प्राचार्य शरद हुंडेत एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों का सम्मान कर शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है. उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेने की अपील की.



## पं. दुबे के नेतृत्व में किया पौधारोपण

**सीहोर.** भाजपा पंचायती राज्य प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पं. महेश दुबे के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण अभियान निरंतर जारी है. अभियान के तहत तहसील कार्यालय परिसर में फल, फूल एवं औषधीय पौधे रोपित किए गए. इस मौके पर श्री दुबे ने उपस्थितजनों को पौधे रोपित करने के साथ ही पर्यावरण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाना चाहिए. पौधे लगाकर उनकी देखरेख करना हमारा कर्तव्य ही नही बल्कि आवश्यकता भी है. इसी संकल्प के साथ वृक्षा रोपण अभियान सतत जारी रहेगा. साथ ही श्री दुबे ने सभी भाई एवं बहनों से यह अपील भी की है कि आगामी रक्षा बन्धन त्योहार पर सभी भाई-बहन एक पौधा अवश्य लगाएं. इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे.



## संभागीय दल ने किया भ्रमण

**रेहटी.** औषधि प्रसंकरण केंद्र के प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति का पीसीसीएफ हरिशंकर मोहन्ता एवं स्टॉफ द्वारा निरीक्षण किया गया. उन्होंने कच्ची औषधि भण्डारण, कोल्ड प्रेस से तेल निर्माण यूनिट आदि प्रक्रिया को समझा, इस अवसर पर उप प्रबंधक एल्विन बर्मन, वन परिक्षेत्र अधिकारी आश्रय उपाध्याय, वैद्य प्रेमनारायण शर्मा, हरीश माहेश्वरी, दिनेश धुर्वे, अंकित पटेल, आनंद ठाकुर, नवीन सिंह, इंद्रजीत सिंह, महेंद्र मीणा, रामरुचि साहू तथा संस्था का समस्त स्टॉफ उपस्थित था.

# निर्माण कार्य से ग्रामीणों का जीवन हुआ बेपटरी

## राजस्थान से भोपाल तक बिछ रही रेलवे लाइन के चलते बच्चों का स्कूल जाना हुआ बंद, ग्रामीण परेशान





**दोराहा.** रेलवे लाइन निर्माण के दौरान गांव की सड़कों को जेसीबी से खोद दिया गया है, जिससे ग्रामीणों व बच्चों को कीचड़ सहित खतरनाक नालियों के बीच से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है. नतीजतन अब कई बच्चे स्कूल नहीं जा रहे.

नवभारत न्यूज

**सीहोर/दोराहा. किसी भी विकास व निर्माण कार्य के दौरान थोड़ी- बहुत तकलीफ तो कोई भी सहन कर सकता है, लेकिन अगर निर्माण कार्य बच्चों का स्कूल जाना बंद करा दे. ग्रामीण महिलाओं और बुजुर्गों का घर से निकलना बंद करा दे तो इससे बड़ी विडम्बना और क्या होगी. ऐसा ही कुछ इन दिनों दोराहा क्षेत्र के रहवासियों को झेलना पड़ रहा है. रेलवे द्वारा बिछाई जा रही रेल पटरियों के कारण ग्रामीण काफी परेशान हो गए हैं तो उनमें रेलवे के अधिकारियों द्वारा झूठे आश्वासन दिए जाने को लेकर आक्रोश भी बना है.**

उल्लेखनीय है कि राजस्थान के रामगंज मंडी से संत हिरदाराम नगर, भोपाल तक बन रही नवनिर्मित रेलवे लाइन का निर्माण कार्य स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है. रेलवे विभाग ने जेसीबी से खुदाई करते हुए मार्ग अवरुद्ध कर दिया है और वैकल्पिक सड़क उपलब्ध नहीं कराई, जिससे ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है.

मुख्य रास्ता बंद होने के कारण पिछले कई दिनों से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, वहीं महिलाओं और बुजुर्गों को घर का

> ▶ कीचड़ के बीच से गुजरने की मजबूरी झेल रहे ग्रामीण
>
> ▶ रेलवे ने रोड निर्माण का दिया था झूठा आश्वासन

राशन और जरूरी सामान लाने के लिए लगभग 1 किलोमीटर का कीचड़ भरा रास्ता पैदल तय करना पड़ रहा है. हाल ही में हुई बरसात के चलते यह कच्चा मार्ग काफी खतरनाक हो गया है, जिससे रोजाना फिसलने और चोट लगने के मामले सामने आ रहे हैं।

इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण शुरू करने से पूर्व रेलवे अधिकारियों ने उन्हें रोड बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी कोई काम शुरू नहीं हुआ. न तो अस्थायी पुल बनाया गया और न ही कोई वैकल्पिक मार्ग छोड़ा गया. जिससे ग्रामीणों को काफी दिनों से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. ऐसे में सर्वाधिक दिक्कत मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने में हो रही है तो छोटे बच्चों को भी स्कूल जाने में रोज आने वाली परेशानी को देखते हुए अधिकांश परिजनों ने बच्चों को स्कूल भेजना ही बंद कर दिया है.

क्षेत्र के निवासी कमलेश पाटीदार का कहना है कि रेलवे अधिकारी बार-बार कहते रहे कि जल्द ही रास्ता बना दिया जाएगा, लेकिन अब तक सिर्फ झूठे वादे ही मिले हैं. हमें मजबूरन कीचड़ में चलकर बच्चों को स्कूल भेजना या फिर पढ़ाई छुड़ाना पड़ रहा है. इसी तरह गांव के अमर सिंह, अवध सिंह, रवि पाटीदार, दुर्गा पाटीदार, कमलेश पाटीदार, हृदेश पाटीदार, रतन दादा, प्रेम सिंह, बनवारी सिंह, बाबू खां, लियाकत खान, नवाब खां, दिनेश मालवीय, अजय मालवीय, गुड्डू भाई, अल्ताफ, समीर खान, शाहरुख खान, फैजान खान, शोएब खान ने रेलवे प्रशासन की लापरवाही पर आक्रोश जताया है.

## हर घर तिरंगा को लेकर प्रेरित करेगी भाजपा

**सीहोर.** सोमवार को भाजपा कामकाजी बैठक आयोजित की गई. बैठक का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने किया. उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि 13 से लेकर 15 अगस्त तक प्रत्येक घर और प्रत्येक प्रतिष्ठान पर तिरंगा लहराया जाएं इसके लिए कार्यकर्ताओं द्वारा आमजनों को प्रेरित करना है. इसके साथ 13 से 15 अगस्त के बीच ऐतिहासिक शहीद स्मारक या आजादी से जुड़े वीर क्रांतिकारियों की जन्म स्थली या स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाना है. इसी के साथ 10 से 14 अगस्त के बीच में प्रत्येक मण्डल पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है और सेना से रिटायर्ड फौजियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाना है. इसके साथ विभाजन विभीषिका दिवस कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना है. कार्यक्रम के माध्यम से युवा पीढ़ी को इस स्मृति दिवस का महत्व बताया जाएगा. देश के विभाजन में अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित हुए सभी लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए, सरकार ने हर साल 14 अगस्त को उनके बलिदान दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है. इस दिन की घोषणा वर्तमान और आने वाली भारतीय पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेले गए दर्द और पीड़ा की याद दिलाएगी. तदनुसार, सरकार 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में घोषित करती है.

## निजी स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश

> ▶ कलेक्टर बालागुरु के ने जारी किए निर्देश
>
> ▶ अधिकारी स्कूल में विभिन्न व्यवस्थाओं का करेंगे अवलोकन

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के ने अशासकीय स्कूलों की फीस प्रतिपूर्ति के संबंध में अधिकारियों को स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं. कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा पोर्टल पर फीस प्रतिपूर्ति के लिए एन्ट्री की गई है जिसका अनुमोदन कर फीस प्रतिपूर्ति की कार्यवाही की जाना है.

कलेक्टर बालागुरु के ने अनेक अधिकारियों को अलग-अलग स्कूल आवंटित कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं. निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारी अशासकीय स्कूल में विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे. जिसमें स्कूल में छात्र संख्या के मान से एफडी है या नहीं, स्कूल स्वयं के भवन में संचालित है या किराए के भवन में, स्कूल में कक्षों की संख्या, स्कूल में रैंप, पुस्तकालय, खेल मैदान, पुस्तकों की उपलब्धता और पेयजल व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाओं का आंकलन कर जानकारी जिला शिक्षा केंद्र को उपलब्ध कराएंगे. इसके बाद फीस प्रतिपूर्ति की कार्यवाही की जाएगी. गौरतलब है कि जिले में नियमों को धता बताते हुए अनेक स्कूल संचालित हो रहे हैं. इनके द्वारा हर साल फीस में भी बढ़ोत्तरी की जा रही है.

# कांवड़ यात्रा में शामिल युवा हाईटेंशन की चपेट में आया

नवभारत न्यूज

**बुधनी.** सोमवार को क्षेत्र में कावड़ लेकर जा रहे डीजे वाहन के ऊपर खड़े होकर ध्वज लहरा रहे युवक की हाई टेंशन लाइन से टकराने के कारण घटनास्थल पर ही दुखद मौत हो गई है. मृतक डीजे कर्मचारी बताया जा रहा है. इस हादसे में एक युवक भी घायल हुआ है जिसका उपचार में किया जा रहा है. मामले में बुधनी थाना पुलिस ने डीजे जप्त कर लिया है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधनीघाट से श्रावण मास के अंतिम सोमवार को निकली कांवड़ यात्रा के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया. डीजे पर खड़े युवक को ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन ने अपनी चपेट में

> ▶ हाईटेंशन लाइन से टकराने पर युवक की मौत, एक झुलसा
>
> ▶ आयोजकों व प्रशासन की बड़ी लापरवाही आई सामने

ले लिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मृतक अनूप चौरे 25 वर्ष पिता गरीबदास, निवासी सोनासंवरी, कांवड़ यात्रा में डीजे के साथ शामिल था. जिसकी करंट लगने से मौत हो गई वहीं हादसे के समय मोहित साहू 22 वर्ष भी वहीं मौजूद था जो करंट लगने से घायल हो गया. घटना के बाद पुलिस ने डीजे को जब्त कर लिया है. आयोजन में सुरक्षा मानकों की अनदेखी सामने आई है, जिससे प्रशासन और आयोजकों की



भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

बुधनी एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि डीजे के ऊपर संभवत: युवक ध्वज लहरा रहा था जिससे उसे करंट लग गया. जबकि दूसरा व्यक्ति इसमें घायल है जिसका उपचार अस्पताल में चल रहा है. पुलिस ने डीजे जब्त कर लिया गया है. घटना शाम लगभग 4.30 बजे बुधनी के सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास होने की बताई जा रही है. पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया है और जांच कार्य प्रारंभ कर दिया है.

## महिला आईटीआई में रोजगार मेला 12 को

**सीहोर.** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 अगस्त को डॉ. अंबेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा. मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार दिया जाएगा. जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र विभाग के द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जाएंगे. आईटीआई द्वारा युवाओं का अप्रेंटिसशिप के लिये चयन भी किया जाएगा.

# पुलिस की झोली में खुद आ टपके गांजे के सौदागर

> ▶ दुर्घटनाग्रस्त बस में गांजा लेकर सवार थे चार तस्कर
>
> ▶ 16 किलो गांजे के साथ एक कार भी पुलिस ने पकड़ी

नवभारत न्यूज

**जावर.** इसे मादक पदार्थ के सौदागरों की बदकिस्मती ही माना जाएगा कि जिस बस से वह गांजा लेकर आ रहे थे उसका रास्ते में एक्सीडेंट हो गया. इसके बाद जब वह गांजे से लदे बैग निकालकर कार में रख रहे थे तभी पुलिस को शंका हो गई. तलाशी लेने पर सभी बैग में लाखों का गांजा मिला. पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों व एक बाल अपचारी को कार व गांजे सहित पकड़ लिया है.

गौरतलब है कि बीती शाम हाईवे पर डोडी के समीप सवारी उतार रही बस में चार्टर्ड बस ने टक्कर मार दी थी. इस हादसे में बस पलट गई थी और कई सवारियों को चोटें आई थीं. हादसे के दौरान बस की डिग्गी भी लॉक हो गई थी. क्रेन की मदद से बस को सीधा कर डिग्गी को खोला गया.



यात्री अपना सामान निकाल रहे थे. उस वक्त तीन युवकों ने डिग्गी से बैग निकाले और उसे एक कार में रखने लगे तभी पुलिस को उनके हावभाव संदिग्ध लगे. पुलिसकर्मियों ने जब उनके बैग खुलवाने को कहा तो वह सकपका गए जिससे पुलिस का शक और पुख्ता हो गया. बैग खोलने के दौरान उसमें पैकेट मिले और जब उन्हें भी खोला गया तो उसमें से गांजा निकला. लगभग 16 किलो गांजा लेकर आ रहे इन तीन आरोपियों थाना मंडी के ग्राम चांदबड़ निवासी पियूष आत्मज वीरू कुचबंदिया, चंदन आत्मज सुनील कुचबंदिया और कुनाल आत्मज राजेश कुचबंदिया के अलावा एक बाल अपचारी को भी गिरफ्तार किया है.

आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि गांजा उड़ीसा से लाया गया है जिसे वह चांदबढ़ लेकर आ रहे थे. जब्त किए गए गांजे की कीमत साढ़े तीन लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है. पुलिस ने इस मामले में कार को भी जब्त किया है.

## डेंगू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है. जारी एडवाइजरी अनुसार कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं. इसे बचाव के उपाये आवश्य करें और नजदीकी चिकित्सालय में जा कर डॉ. को दिखाये और उपचार कराएं. जिला मलेरिया अधिकारी क्षमा बर्वे ने बताया कि मलेरिया से बचाव के मच्छरदानी का उपयोग करें और खिड़कियों एवं दरवाजों पर जाली लगाएं. हल्के रंग के कपड़े पहनें एंव हाथ पैरों को पूरा ढंकें.

धार्मिक ▶ 6 अगस्त को निकलेगी शहर में विशाल और भव्य कांवड़ यात्रा

# कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों को किया पाबंद

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** सीवन तट से कुबेरेश्वर धाम तक कांवड़ यात्रा 6 अगस्त को निकाली जाएगी. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन संभावित होने से कावड़ यात्रा के दौरान कानून एवं शांति-व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है.

एसडीएम तन्मय वर्मा को सम्पूर्ण व्यवस्था का प्रभारी बनाया गया है. सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया को कार्यक्रम समाप्ति तक समुचित चिकित्सा व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखेंगे एवं एम्बुलेंस मय स्टाफ के उपलब्ध कराने निर्देशित किया है. सीवन नदी घाट पर एवं कुबेरेश्वर धाम पर पर्याप्त मात्र में पानी के टेकर, पेयजल व्यवस्था एवं साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें. इसी क्रम में सीएमओ को श्रद्धालुओं की बड़ी सख्या में आगमन को दृष्टिगत रखते हुए कुबेरेश्वर धाम एवं सीवन घाट पर पर्याप्त मात्रा ने फायर ब्रिगेड उपलब्ध करना एवं यात्रा के दौरान बडी संख्या में आने जाने वाले वाहनों के मार्ग एवं खराब होने वाले वाहनों को गार्ग से हटाए जाने के लिए 02 छोटी केन एवं आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें. इसके अलावा अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी भी व्यवस्था के लिए लगाई है.



बुधवार को शहर के पोस्ट आफिस से लाखों की संख्या में कांवड़ यात्री शामिल होंगे. इससे पहले ही सोमवार को डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम पर तक श्रद्धा के साथ भक्ति के रंग में रंगे कांवड़िया आस्था और उत्साह के साथ पहुंचे. इसके अलावा कुबेरेश्वर धाम पर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, सूरत, बेंगलुरु, जयपुर सहित अन्य शहरों से भी हजारों कांवड़ यात्री डीजे और बाजे-ताशे के साथ थिरकते हुए जा रहे थे.

## आवासीय विद्यालय ने शारदा स्कूल को हराया

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** सोमवार को चर्च मैदान पर प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार मैच खेले गए थे. इसमें एक तरफा मुकाबले में आवासीय स्कूल ने शारदा स्कूल को चार गोल से हराया. इस मैच में नैतिक ने दो गोल और प्राजंल-वरुण ने एक-एक गोल किए.

सोमवार को पहला मैच सेंट मेरी और लुर्द माता स्कूल के मध्य खेला गया था. जिसमें दोनों ही टीम 1-1 से बराबरी पर रही. इधर एक अन्य मैच केन्द्रीय विद्यायल और नवीन विद्या भारती स्कूल के मध्य खेला गया. इस मुकाबले में केन्द्रीय विद्यालय ने 2 गोल से जीत हासिल की. इसके अलावा एक अन्य मैच सेंट एनी और आईईएस का मुकाबला ड्रा रहा.


HINDUJA COLLEGE
REQUIREMENTS for B.Pharma
PRINCIPAL, ASSOCIATE PROFESSOR, ASSISTANT PROFESSOR, LAB TECHNICIAN, LAB ASSISTANT
As per PCI norms eligible candidates please send resume along with all testimonials through email:
Hindujacollegeashta@gmail.com
Approved By PCI & Affiliated to RGPV Bhopal
ADDRESS:- Gram Richadiya Kannod Road Ashta DISTRICT:-Sehore (M.P.)
Mo. 9669753333 , 8770807500